छत्तीसगढ़ शासन
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
राज्य कन्ट्रोल एन्ड कमांड सेंटर
(COVID-19)

# दैनिक प्रेस विज्ञप्ति – 18 मई 2021

## छत्तीसगढ़ में आज 69 हजार 873 सैम्पलों की हुई जांच, पॉजिटिविटी दर 9 प्रतिशत पर पहुंची

- प्रदेश में पॉजिटिविटी दर लगातार घट रही है। आज 18 मई को प्रदेश में पॉजिटिविटी दर 9 प्रतिशत है। आज प्रदेश भर में हुए 69 हजार 873 सैंपलों की जांच में से 6477 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए हैं।

## कोरोना के लक्षण वाले 14.83 लाख लोगों को वितरित की गई दवा किट

- छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए 14 लाख 82 हजार 529 संदिग्ध मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दवाईयों की किट वितरित की गई है। विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण के लक्षण वाले व्यक्तियों के त्वरित इलाज और उन्हें गंभीर स्थिति में पहुंचने से बचाने के लिए मितानिनों एवं सर्विलेंस टीमों द्वारा दवाईयों की किट उपलब्ध कराई जा रही है। इस किट में आइवरमेक्टिन, डॉक्सीसाइक्लिन, पैरासिटामॉल, विटामिन–सी और जिंक की टैबलेट शामिल हैं। कोविड–19 के संदिग्ध मरीजों को दवा किट उपलब्ध कराने के अच्छे परिणाम आए हैं। इससे पूरे प्रदेश में संक्रमण की रफ्तार को रोकने में मदद मिली है।

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश में अब तक (17 मई तक) कोरोना के लक्षण वाले 6 लाख 25 हजार 256 लोगों को दवा किट उपलब्ध कराई गई है। जांच केंद्रों और अस्पतालों में कोरोना जांच के लिए पहुंच रहे इसके लक्षण वाले 6 लाख 21 हजार 809 लोगों को भी दवा किट मुहैया कराया गया है। मितानिनों और सर्विलेंस टीमों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों व कन्टेनमेंट जोनों में एक्टिव सर्विलेंस के दौरान मिले 2 लाख 35 हजार 464 व्यक्तियों को भी कोरोना के इलाज और बचाव के लिए दवाईयां दी गई हैं।

## आज दिनांक 18 मई 2021 तक राज्य में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के कुल 5,28,670 लाभार्थियों का टीकाकरण कर लिया गया है

- प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु समूह का टीकाकरण राज्य के 832 केन्द्रों में किया जा रहा है। रात्रि 9 बजे तक इस आयु वर्ग में कुल 54677 लोगों का टीकाकरण किया गया। इनमें से अंत्योदय के 4284, बीपीएल के 23448, एपीएल के 21883, फ्रंटलाइन वर्कर के 5062 हितग्राहियों को टीका लगाया गया।

## कोरोना योद्धा

## अबूझमाड़ के बीहड़ क्षेत्रो में दे रही सेवा नारायणपुर की ए.एन.एम. कविता

- आधुनिकता से दूर अबूझमाड़ के नारायणपुर जिले के जाटलूर में पदस्थ एएनएम कविता यहां के ग्रामीणों के लिए मसीहा से कम नहीं हैं। अबूझमाड़ के बीहड़ गांवों में कविता पूरे उत्साह से अपना काम कर रही है। वे यहां 8 साल से पदस्थ है। रोज अंदरुनी गांवों तक कांधे में मेडिकल किट तो कभी वैक्सीनेशन बॉक्स लेकर पहुंचती है.। कविता ग्रामीणों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए जी जान से लगी हुई है।

  ग्रामीण उन्हें डॉक्टर दीदी कहते हैं। जाटलूर के अंदरूनी गांवो तक पहुंचने के लिए सड़क नहीं है और संचार के साधन भी कम हैं। वे जाटलूर सहित पदमेटा, रासमेटा, कारंगुल, लंका और अन्य गांवों के ग्रामीणों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचा रही हैं। अबूझमाड़ के ग्रामीण कोरोना टीकाकरण को लेकर जागरूक नहीं हैं, समझाने के बाद ही तैयार होते हैं।

  कविता पात्र बताती है कि ओरछा ब्लॉक के लंका गांव तक पहुंचने के लिए दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों से होकर, भैरमगढ़ मार्ग से एक दिन में पहुंच सकते हैं। वहीं यदि ओरछा से लंका पहुंचना है तो दो से तीन दिन लगता है. इसलिए कई बार उन्हे दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों से होकर जाना पड़ता है। जाटलूर सहित अन्य गांवों तक पहुंचने के लिए नदी-नाले, घने जंगल, पहाड़ी, पथरीले रास्तों से होकर जाना पड़ता है।. जाटलूर से प्रत्येक गांव की दूरी 20 से 25 किलोमीटर है। ऐसे में डिलीवरी और बच्चों को टीका लगाने में कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को इमरजेंसी के समय वहीं उचित इलाज मुहैया कराने की कोशिश होती है। ज्यादा गंभीर मरीजों को कावड़ के सहारे ओरछा मुख्यालय तक ग्रामीणों की मदद से ले जाया जाता है। कविता कहती है कि सेवा के दौरान ग्रामीणों का जो प्यार उन्हें मिलता है, उससे उनकी सारी तकलीफें दूर हो जाती है।

* डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य संबंधी सलाह वर्चुअल टेली ओ.पी.डी. के माध्यम से मरीज ले सकते है। प्रतिदिन समय सुबह **10:30 से 11:30** बजे, अवकाश दिवस को छोड़कर। लिंक के माध्यम से वर्चुअल ओ.पी.डी. ज्वाइन की जा सकती है।

https://zoom.us/j/94714208087?pwd=VXdZT2VBQ2xzR0tWdW0rL05lS3NwQT09
Meeting ID: 947 1420 8087, Passcode: 123456

दूरभाष नम्बर पर कॉल कर 0771-2890079 जानकारी ली जा सकती है।

←— मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं —→

# कोविड–19 की स्थिति (रात्रि 08:00 बजे तक)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पॉजिटिव प्रकरण | आज | 6477 |
| | | कुल | 925531 |
| 2 | अस्पताल से डिस्चार्ज | आज | 1511 |
| | | कुल* | 143399 |
| 3 | होम आईसोलेशन से डिस्चार्ज | आज | 9739 |
| | | कुल* | 679714 |
| 4 | कुल डिस्चार्ज (अस्पताल + होम आईसोलेशन) | आज | 11250 |
| | | कुल | 823113 |
| 5 | वर्तमान में कुल सक्रिय | 90382 | |
| 6 | आज हुई मृत्यु कुल – 153 | कोविड–19 | 68 |
| | | को–मॉर्बिडिटी के साथ | 85 |

* पूर्व तिथि में हुए डिस्चार्ज की एन्ट्री अद्यतन होने से आज डिस्जार्च की कुल संख्या में वृद्धि हुई है।

उपरोक्त सारणी के संबंध में जिलेवार संख्यात्मक विवरण पृष्ठ क्रमांक 02 पर उपलब्ध है।

## टेस्टिंग की स्थिति

आज हुए कुल टेस्ट की संख्या 69,873

← मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं →

## छत्तीसगढ़ में COVID-19 की जिलेवार स्थिति दिनांक 18-05-2021

| क्र. | जिला | POSITIVE | | DISCHARGE (HOSPITAL) | | HOME ISOLATION COMPLETED | | TOTAL RECOVRED (DISCHARGE + HOME ISOLATION) | TOTAL ACTIVE CASES | DEATHS | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | TODAY | TOTAL | | | TODAY | TOTAL |
| 1 | दुर्ग | 190 | 94418 | 63 | 13094 | 355 | 76422 | 89516 | 3211 | 10 | 1691 |
| 2 | राजनांदगांव | 132 | 54778 | 72 | 11996 | 469 | 39861 | 51857 | 2447 | 4 | 474 |
| 3 | बालोद | 118 | 25485 | 65 | 7838 | 284 | 15190 | 23028 | 2120 | 6 | 337 |
| 4 | बेमेतरा | 92 | 19058 | 17 | 3115 | 156 | 14234 | 17349 | 1493 | 4 | 216 |
| 5 | कबीरधाम | 90 | 21796 | 18 | 2144 | 464 | 16795 | 18939 | 2620 | 5 | 237 |
| 6 | रायपुर | 382 | 153610 | 248 | 27453 | 606 | 117574 | 145027 | 5568 | 15 | 3015 |
| 7 | धमतरी | 176 | 24744 | 40 | 2173 | 278 | 19778 | 21951 | 2314 | 2 | 479 |
| 8 | बलौदाबाज़ार | 304 | 39229 | 51 | 7817 | 444 | 26077 | 33894 | 4939 | 7 | 396 |
| 9 | महासमुंद | 202 | 29111 | 33 | 3553 | 333 | 21788 | 25341 | 3459 | 6 | 311 |
| 10 | गरियाबंद | 127 | 18321 | 13 | 3267 | 232 | 12979 | 16246 | 1902 | 2 | 173 |
| 11 | बिलासपुर | 220 | 63222 | 125 | 6013 | 538 | 51620 | 57633 | 4472 | 15 | 1117 |
| 12 | रायगढ़ | 417 | 57516 | 127 | 10540 | 802 | 38721 | 49261 | 7474 | 7 | 781 |
| 13 | कोरबा | 358 | 51343 | 62 | 4017 | 708 | 41068 | 45085 | 5754 | 6 | 504 |
| 14 | जांजगीर-चांपा | 450 | 52417 | 70 | 7061 | 875 | 38221 | 45282 | 6470 | 14 | 665 |
| 15 | मुंगेली | 230 | 21915 | 19 | 816 | 927 | 17268 | 18084 | 3695 | 2 | 136 |
| 16 | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 173 | 10615 | 14 | 600 | 132 | 7556 | 8156 | 2350 | 7 | 109 |
| 17 | सरगुजा | 364 | 28693 | 73 | 3080 | 321 | 20811 | 23891 | 4588 | 4 | 214 |
| 18 | कोरिया | 573 | 22365 | 12 | 1379 | 102 | 15308 | 16687 | 5542 | 2 | 136 |
| 19 | सूरजपुर | 488 | 24148 | 17 | 1753 | 345 | 17001 | 18754 | 5227 | 9 | 167 |
| 20 | बलरामपुर | 366 | 16419 | 39 | 1342 | 216 | 11558 | 12900 | 3419 | 3 | 100 |
| 21 | जशपुर | 320 | 22464 | 64 | 3692 | 372 | 14510 | 18202 | 4105 | 3 | 157 |
| 22 | बस्तर | 200 | 17320 | 7 | 3864 | 205 | 11521 | 15385 | 1777 | 13 | 158 |
| 23 | कोंडागांव | 124 | 11155 | 19 | 1499 | 123 | 8694 | 10193 | 875 | | 87 |
| 24 | दंतेवाडा | 61 | 8942 | 4 | 3779 | 50 | 4579 | 8358 | 565 | | 19 |
| 25 | सुकमा | 74 | 5428 | 35 | 2960 | 21 | 2140 | 5100 | 313 | | 15 |
| 26 | कांकेर | 164 | 21766 | 57 | 2950 | 323 | 15677 | 18627 | 2944 | 3 | 195 |
| 27 | नारायणपुर | 36 | 3130 | 133 | 2246 | 0 | 565 | 2811 | 309 | | 10 |
| 28 | बीजापुर | 42 | 5445 | 9 | 2817 | 58 | 2198 | 5015 | 399 | | 31 |
| 0 | अन्य राज्य | 4 | 678 | 5 | 541 | 0 | 0 | 541 | 31 | 4 | 106 |
| | **महायोग** | **6477** | **925531** | **1511** | **143399** | **9739** | **679714** | **823113** | **90382** | **153** | **12036** |

कोविड से संक्रमित व्यक्तियों के स्थाई निवास अनुसार प्रविष्टि किये जाने के फलस्वरूप, जिलेवार दर्ज कोविड मरीजों की संख्या में अंतर संभावित है।

मीडिया प्रभारी
राज्य कन्ट्रोल एण्ड कमांड सेंटर
(COVID19)



मास्क पहनें, 2-गज की दूरी अपनाएं, साबुन से हाथ धोएं

